>

Title: Need to take steps to check the spread of Swine flu in Maharashtra.

श्री राजू शेट्टी (हातकंगले): स्वाईन फ्लू ने एक बार फिर महाराष्ट्र को अपने गिरफ्त में ले लिया है । राज्य में पिछले 113 दिनों में इस बीमारी से 102 लोगों की जानें गई हैं । लगभग् 1174 लोगों को इस बीमारी ने ग्रस्त किया है और इसके फैलने की आशा है । इससे पहले कि यह बीमारी विकराल रूप धारण करे शासन को युद्ध स्तर पर कदम उठाने चाहिए । महाराष्ट्र शासन व केन्द्र सरकार दोनों को मिलकर इस बीमारी से लड़ने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, इसके रोकथाम के लिए जो औषधि चाहिए वह प्रचुर मात्रा में पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराई जाय व इस संबंध में सभी जानकारी मीडिया के माध्यम से सभी लोगों तक पहूंचाई जाये ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि स्वाईन फ्लू के संबध में सभी उपाय किये जाये जिससे आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके । मेरा एक और सुझाव है कि पोलियो जैसे ही इस रोग के लिए टीकाकरण अनिवार्य किया जाय जिससे इसके समूचे देश में फैलाव पर रोक लगाई जा सके । इसके लिए तुरन्त ठोस कदम उठाये जाने की नितांत आवश्यकता है ।